आकाशवाणी प्रचार का सब से बड़ा और सब से समर्थ माध्यम है, लेकिन दो कारणों से उसका पूरा उपयोग नहीं हो पा रहा है । एक कारण है हमारे देश में शक्तिशाली ट्रांस्मिटरों का अभाव और दूसरा कारण है आकाशवाणी द्वारा भारतीय भाषाओं को अपेक्षित मात्रा में प्रोत्साहन न दिया जाना । जहां तक ट्रांस्मिटरों की बात है, मुझे इस बात को कहते हुए कष्ट है कि अभी तक ट्रांस्मिटर की समस्या राजनीतिक कारणों से बराबर उलझती ही चली जा रही है । चीनी आक्रमण के समय यह प्रश्न उठा था तब देश में बड़ी दृढ़ता से अनुभव किया गया था कि शक्तिशाली ट्रांस्मिटर जल्दी से जल्दी यहां पर आना चाहिये । लेकिन उस के बाद राजनीतिक दावपेंचों में पड़ कर कि किस देश से उसे खरीदा जाये, कैसे खरीदा जाये, उस के लिये रुपी पेमेन्ट हो या विदेशी मुद्रा में मूल्य दिया जाये, इन सब चक्करों में इस समस्या का समाधान नहीं हुआ ।

मैं इस बात से सहमत हूं कि टेलिविजन की भी देश में बहुत उपयोगिता है लेकिन टेलिविजन आरम्भ करने का उतना तात्कालिक प्रश्न हमारे देश के लिये नहीं था जितना कि शक्तिशाली ट्रांस्मिटर का लाना था । अगर सरकार अब तक इस विषय में ढील करती रही तो अब कम से कम वह इस भूल को तेजी से सुधारे ।

जहां तक दूसरी बात है अर्थात् आकाशवाणी के कार्यक्रमों में भारतीय भाषाओं की उपेक्षा मैं एक ही उदाहरण उसके लिए देना चाहूंगा । और मेरा अनुमान है कि श्री राज बहादुर जी के कानों तक वह गया भी होगा पाकिस्तान और हिन्दुस्तान दोनों सन् 1947 के पहले एक देश थे । दोनों में समान रूप से

[श्री प्रकाशवीर शास्त्री]

अंग्रेजी का प्रचार था । अब भी भारतवर्ष में विशेष रूप से अंग्रेजी का कोई प्रचार नहीं हुआ है, यद्यपि यह जरूर है सरकार अंग्रेजी के मोह में अभी तक फंसी हुई है । किन्तु पाकिस्तान ने अपनी भाषा के सम्बन्ध में क्या कुछ किया है उस का तुलनात्मक विवरण देते हुए दो शब्द कहूंगा। पाकिस्तान रेडियो ने 15 नवम्बर, 1965 को प्रातः पौने आठ बजे जो अंग्रेजी बुलेटिन प्रसारित हुआ उस की एक सूचना का हिन्दी अनुवाद ज्यों का त्यों पढ़ कर सुनाना चाहता हूं ।

"कल रेडियो प्रसारण के सम्बन्ध में जो नई नीति घोषित की गई थी, उस के अनुसार रेडियो पाकिस्तान आज से 1.10 दोपहर, 5.10 शाम और 10.00 बजे रात को प्रसारित होने वाले तीन अंग्रेजी बुलेटिन बन्द कर रहा है । इस के अतिरिक्त रात को 8.20 पर अंग्रेजी में प्रसारित की जाने वाली समाचार समीक्षा और रेडियो पाकिस्तान के सभी केन्द्रों से रिले होने वाले स्थानीय अंग्रेजी बुलेटिन भी आज से बन्द किये जा रहे हैं । अंग्रेजी में केवल दो बुलेटिन होंगे । एक सुबह एक शाम को । सवेरे का अंग्रेजी का बुलेटिन 15 मिनट के बजाय 10 मिनट का होगा ।"

पहले पांच बुलेटिन अंग्रेजी के और एक अंग्रेजी समीक्षा पाकिस्तान रेडियो से होती थी पर अब केवल दो बुलेटिन पाकिस्तान रेडियो से प्रसारित होते है । इस के मुकाबले में भारतीय रेडियो की क्या स्थिति है ? जिस समय पाकिस्तान का आक्रमण हुआ उस समय उन्होंने अंग्रेजी के 9 बुलेटिन रखे और हिन्दी के 8 बुलेटिन रखे । कुछ फीचर भी आकाशवाणी से प्रसारित किये गये । अंग्रेजों के प्रति दिन लगभग 6 फीचर प्रसारित किये जाते थे और आकाशवाणी के सभी केन्द्र उन को रिले करते थे, और वह सुनने का अच्छा समय होता था अर्थात् 8 30 बजे उस समय उन को सुनाया जाता था । उस के मुकाबले में हिन्दी के कुछ फीचरों के सम्बन्ध में जब समाचारपत्रों में आलोचनायें प्रकाशित हुई कि हिन्दी की या दूसरी देशी भाषाओं की इस प्रकार की उपेक्षा क्यों है तब कुछ फीचर रिले किये गये ।

**14·08 hrs.**

[MR. DEPUTY-SPEAKER *in the Chair*]

लेकिन एक तो वह सब केन्द्रों से रिले नहीं किये गये, दूसरे रिले करने का जो समय था वह रात को दस बजे या दस बजे के बाद जब आम तौर से सब लोग सो जाते हैं उस समय यह फीचर वहां से प्रसारित किये जाते थे । अंग्रेजी का इतना बोलबाला पाकिस्तानी आक्रमण के समय था कि उस समय जो देशी भाषाओं के या देशी लोकगीत आकाशवाणी से प्रसारित होते थे जैसे डोला है, आल्हा है मराठी का पवाडा है या तेलगु का बुरकिया है । इन गीतों के प्रारम्भ में जो घोषणा होती थी वह घोषणा भी अंग्रेजी में की जाती थी । अब डोला या आल्हा सुनने वाला जो कोई व्यक्ति होगा क्या वह हिन्दी न जानता होगा ? लेकिन आकाशवाणी से जो इनको प्रसारित करने वाला व्यक्ति था वह यह कहकर के आल्हा सुनवाता था :

Now you hear the Bundel Khand song Alha.

यानी आल्हा सुनने वाले को भी अंग्रेजी में पहले उसका परिचय देने की जरूरत है । यह आकाशवाणी के अंग्रेजी मोह का एक उदाहरण है ।

अंग्रेजी पत्रों में अपनी वाहवाही लूटने के लिए आकाशवाणी का विभाग क्या करता है उसका मैं एक परिचय आप को देना चाहता हूं । क्योंकि दुःख से हमारे मिनिस्टर भारत की आत्मा को अंग्रेजी पत्रों के माध्यम से पढ़ते हैं और उनके बड़े बड़े सेक्रेटरीज जितने हैं वह भी अंग्रेजी पत्रों के माध्यम से देश की जानकारी लेते है । उसका परिणाम यह है कि

विभाग के अधिकारी अंग्रेजी पत्रों के सम्पादकों को और उनमें काम करने वाले व्यक्तियों को बड़ी बड़ी कीमतें प्रति दिन देकर बुलाते हैं। उदाहरण के लिए आकाशवाणी में फोकस, टापिक फार टुडे और फीचर, यूनिट टाकसेल आदि हैं। इन्हें तैयार करने के लिए नियमित कर्मचारी यहां नियुक्त हैं जिनको हजार से लेकर डेढ़ हजार तक की मासिक तनख्वाह दी जाती है। फिर क्या आवश्यकता थी कि कुछ ऐसे व्यक्ति वहां पर बुलाये जाते थे जिनको 60 से लेकर 100 रुपये तक प्रति दिन दिये जाते थे और उनसे फिर यह टापिक और फीचर्स लिखवाये जाते थे ? केवल इसलिए कि इस पैसे को देकर उनके माध्यम से अंग्रेजी पत्रों में अपनी प्रशंसा छपवायें जो मिनिस्टरों के कानों तक पहुंचे और जिससे वह इनके सम्बन्ध में अपना अच्छा मत बनायें।

जहां तक विदेश विभाग का सम्बन्ध है विदेश सेवा की स्थिति क्या है ? उसका भी मैं उदाहरण उपाध्यक्ष जी, देता हूं। तीन वर्ष पहले फिजी के सम्बन्ध में 12 से लेकर डेढ़ बजे तक डेढ़ घंटे हिन्दी का कार्यक्रम प्रसारित होता था। फिजी की अधिकांश जनता हिन्दी भाषाभाषी है। लेकिन जनवरी 1965 से जब से संविधान की दृष्टि से हिन्दी देश की प्रमुख भाषा हुई, आकाशवाणी ने फिजी के कार्यक्रम बन्द कर दिये गये। यह हिन्दी को मान्यता आकाशवाणी से मिली। इसी तरह से फिजी, मारीशस और ब्रिटिश गायना जहां पर भारतीय अधिक संख्या में रहते हैं, चाहिए तो यह था कि उनके कार्यक्रमों को बढ़ाया जाता, लेकिन यहां नीति क्या है कि जो तीन चार साल पहले विदेशों के लिए चार बुलेटिन प्रसारित होते थे उनमें से एक बन्द कर दिया जाता अब मैंने सुना है कि पहली अप्रैल से एक ऐसा आदेश होने जा रहा है कि 9.50 का जो हिन्दी बुलेटिन विदेशों के लिए जाता है उसको भी बन्द कर दिया जाय और शेष जो दो बुलेटिन हैं उनका भी दस दस मिनट का समय घटाकर के पांच पांच मिनट कर दिया जाय। यानी विदेशों के लिए जो 40 मिनट समय हिन्दी को दिया जाता था आकाशवाणी से अब वह केवल दस मिनट होने जा रहा है।

जहां तक बुलेटिनों की आत्मा का सम्बन्ध है इसी से अनुमान लगाइए कि जिस समय पाकिस्तान का आक्रमण चल रहा था अंग्रेजी के भक्त किस प्रकार से राष्ट्रीय समाचारों की उपेक्षा करते रहे और अराष्ट्रीय समाचारों को प्रभुत्व देते रहे बलवन्तराय मेहता का जिस दिन देहावसान हुआ, प्रातःकाल जो सबसे पहला हिन्दी बुलेटिन था उसने यहीं से आरम्भ किया कि हम बड़े दुख के साथ देश को यह सूचना देते हैं कि गुजरात के मुख्य मंत्री श्री बलवन्त राय मेहता का विमान दुर्घटना में देहावसान हो गया। लेकिन अंग्रेजी का बुलेटिन इसको इतना महत्व नहीं देता। वह पहले और समाचार सुनवाने के बाद अन्त में कहता है कि श्री बलवन्त राय मेहता का भी देहावसान हो गया। इसी प्रकार से जिस दिन चीन ने तीन दिन का अल्टीमेटम हिन्दुस्तान को दिया था उसी दिन भारत के रक्षा मंत्री ने एक सन्देश देश के नाम प्रसारित किया। लेकिन रक्षा मंत्री का सन्देश बाद में प्रसारित किया गया और जो चीन की धमकी थी वह पहले प्रसारित की गई। तो जब बुलेटिनों की नीति यह है, वहां कार्य करने वालों की नीति यह है तो क्या होगा ? अभी पीछे प्रधान मंत्री के चुनाव में जो हुआ, मैं उस दुखद अध्याय को छेड़ना नहीं चाहता। आकाशवाणी समाचार प्रसारित करती थी या वातावरण निर्माण करने का काम करती थी ? बंगाल के अन्दर अभी जो उपद्रव हुए, लेफ्टिस्ट कम्यूनिस्टों के समाचारों को किस तरह से प्रोत्साहन दिया गया, क्या इन तमाम बातों को देश के निवासी नहीं समझते कि किस प्रकार समाचारों का संग्रह किया जाता है और उनको अपेक्षित मात्रा में महत्व देने के बजाय अनपेक्षित महत्व दिया जाता है ?

[श्री प्रकाशवीर शास्त्री]

इसलिए मेरे कुछ सुझाव हैं जिनको मैं संक्षेप में कहता हूं एक तो हिन्दी के प्रमुख राजभाषा होने पर जो बुलेटिन हिन्दी के हैं वह हर कार्यक्रम में पहले प्रसारित किये जायें और देश के सब स्टेशनों से वह रिले किये जायं । आप पूछेंगे कि इससे क्षत्रीय भाषाओं के कार्यक्रमों में हानि पड़ जायगी । मेरा कहना यह है कि क्षेत्रीय भाषाओं के कार्यक्रमों में कोई कटौती न की जाय बल्कि अंग्रेजी के कार्यक्रमों में कटौती करके हिन्दी के बुलेटिन सब स्टेशनों से प्रसारित किये जायं । विदेश विभाग की तरह आकाशवाणी में एक राष्ट्रीय सेवा विभाग की स्थापना की जाय । हिन्दी समाचार और हिन्दी के जितने भी कार्यक्रम हैं इनके लिए एक स्वतंत्र विभाग की स्थापना इसके अंदर होनी चाहिए । आपके पास लखनऊ, जयपुर, पटना, भोपाल, वाराणसी में प्रस इन्फार्मेशन ब्यूरो की ओर से हिन्दी की टेलीप्रिन्टर सर्विस बाकायदा लगी हुई है तो जो हिन्दी भाषी राज्य हैं उनकी विधान सभाओं के समाचार या उनके समाचार हिन्दी में लेकर प्रसारित करें इसके अन्दर आपको किसी प्रकार की कठिनाई नहीं होनी चाहिए ।

दो बातें मैं अन्त में फिल्म सेंसर बोर्ड और समाचार एजेंसियों के बारे में भी कहना चाहता हूं । फिल्म सेंसर बोर्ड की आज क्या स्थिति है ? हमारे देश में हल्के फुल्के दृश्य जिस तरह से आज तैयार हो रहे हैं, अर्द्ध-नग्न दृश्यों को जिस तरह से बढ़ावा मिल रहा है उनका आचार्य विनोबा भावे जैसे संत ने भी विरोध किया था । घिसे पिटे वही पुराने कथानक हैं, इस दिशा में भी आपको कुछ सोचना चाहिए । मेरे कहने का यह अभिप्राय नहीं है कि फिल्मों के अन्दर जितना अच्छा सरसता का अंश है उसको सर्वथा समाप्त कर दिया जाय । श्री राज बहादुर जी तो ब्रज के निवासी हैं, राधा के प्रदेश के निवासी हैं, मैं नहीं समझता कि उनके रहते हुए सरसकता बिलकुल ही चली जायगी लेकिन इतना मैं उनसे कहना चाहता हूं कि भारतीय संस्कृति के भी तो वह अमी हैं, इतना तो कम से कम वह नहीं करेंगे कि फिल्मों के नाम पर देश में बिलकुल विदेशी चित्रों का अन्धाधुन्ध अनुकरण किया जाय ।

जहां तक समाचार एजेंसियों का सम्बन्ध है उसके सम्बन्ध में मेरा कहना है कि जिस तरह से पी०टी०आई० को आप महत्व देते हैं उसी तरह से दूसरी न्यूज एजेंसीज को भी जैसे यू०एन०आई० वगैरह हैं, उनको भी महत्व देकर बढ़ायें । इसके अतिरिक्त भारतीय भाषाओं की जो समाचार समितियां हैं या तो एक अच्छी पूर्ण सशक्त समितिस्थापित करें और यह अगर नहीं होता है तो जसे हिन्दुस्तान समाचार है जो राष्ट्रीय समाचार देशी भाषाओं के माध्यम से देता है उसको आप प्रोत्साहन दें जिससे यह और भी अधिक बढ़ सके ।

अन्त में एक यह बात कह कर के समाप्त करता हूं कि विज्ञापन देने के सम्बन्ध में सूचना और प्रसार मंत्रालय अपनी नीति में परिवर्तन अवश्य करे । जब भी इस मंत्रालय के अनुदानों की चर्चा आती है तो इस बात पर आलोचना होती है कि सरकार केवल उन पत्रों को विज्ञापन देकर उपकृत करती है कि जो सरकार की प्रशंसा करते हैं । सरकार के लिए तो देश के सारे पत्रों को एक समान रूप से लिया जाना चाहिए । दिल्ली राजधानी से दो दैनिक पत्र निकलते हैं मैं अच्छी तरह से जानता हू कि देश में उनके पाठकों की संख्या बहुत बड़ी है पर उनको विज्ञापन नहीं दिये जाते हैं । तो इस दिशा में भी दोहरी नीति न अपनायी जाय । मुझे विश्वास है कि श्री राज बहादुर जैसे गम्भीर आदमी के हाथ में यह विभाग आया है तो कुछ निर्णय भी गम्भीरता के साथ में अब लिये जायेंगे ।

**Shri Kasinatha Dorai** (Aruppukkottai): Mr. Deputy-Speaker, Sir.....

**श्री हुकम चन्द कछवाय** (देवास) : आप व्यवस्था दें अध्यक्ष महोदय, सदन में गणपूर्ति नहीं है ।

**Mr. Deputy-Speaker:** The bell is being rung.

**Shri Kasinatha Dorai:** Sir, I rise to support the demands of the Ministry of Information and Broadcasting. I would like to congratulate the Ministry for the excellent work done by them, specially by the radio station in Jammu and Kashmir.

**Shri Hukam Chand Kachhavaiya:** No quorum.

**Mr. Deputy-Speaker:** The hon. Member may wait. The bell is being rung. . . . now there is quorum. He may continue now.

**Shri Kasinatha Dorai:** Not only colleagues from Jammu & Kashmir have attested to this but also the members of the Defence Services from the south have spoken very highly of the excellent work done in that area.

Frequent references have been made by members to the promotion of this Ministry; hitherto they have been said in the way of best wishes, but today Prof. Hiren Mukerjee has produced a plausible argument for this purpose and I hope the Government's attention will be drawn to promote this Ministry to a higher level.

I would like to appreciate the work started as the Institute of mass communication by the Ministry. But at the same time, I would like to say that the public have not been properly informed of the very many good things that Government is doing. As a matter of fact, in my own Constituency, a number of block centres have not opened their information centres; that means, so much of literature printed by the Centre is lying waste without being of any use to the public. Even some of the gram sewaks may be given some kind of training; besides those people who are getting a special training under the scheme, they may also be given training to contact the masses and tell them of some of the Government's plans—Five-Year Plans and all that—so that we can get some kind of co-operation from the public when we go to execute these plans and policies.

Lot of literature is printed in English; it is not of much use in southern States, especially in Madras State. It will, therefore, be very useful if it can be translated into regional languages.

Coming to the tribal programme, I think it will be very useful if information about other tribes also is given in a special programme and is supplied to a particular tribe so that a kind of information can be given to them to promote national integration. For instance, we speak so much about Nagas; it will be very useful if some kind of research is done on the subject of Naga tribes; though we thank the Rev. Scott for having brought about educational, religious, medical and institutional changes into that area, somehow that missionary has created an impression in Nagaland that the Naga tribes are some people separated from the rest of India. In this connection, I would like to mention a book—it is available in Parliament Library written by a Ceylonese, Navaratna, entitled "Tamils in Ceylon" where very happy and useful references have been given about the Naga tribes both in north Ceylon and in Tamilnad and also in Kerala and from where we can learn of so much of civilisation about those people.

On the question of music I would like to say a few words. Though 50 per cent of the time has been allot-

[Shri Kasinatha Dorai]

ted to it, no special head for music is found in the report; there are, of course, sub-heads but music deserves a separate head under the scheme. Especially in a country like India where we can boast of a hoary past, much emphasis should be laid on the classicals of everything, whether it is music or literature or civilization; at least the masses should be able to appreciate it. Those were the days in the past when all the classics were the close preserve of a privileged few, but now the masses will have to appreciate all those; for instance, a knowledge of classical music will help integration. Just as we use the word 'Defence-oriented', we must use the word 'integration-oriented' and all our schemes should be on those lines. In this connection I would like to mention that, in Delhi, an academy, Shankara Academy, has been started—Shankara was a great national integrator. Government may usefully contact such private bodies and give more publicity to their activities. Similarly an institution has been started in the south called Ramalinga Mission, which gives the quintessence of the southern civilisation; that also may be given some publicity.

Then there is a reference to the language issue. There has been some reference to the rioting in Tamilnad last year. The Ministry can usefully inform the public and give clear information and also remedial measures in time so that recurrence of such riotings may be avoided.

With regard to communal harmony, simply saying that Hindus, Muslims, Christians and people of all religions must live together may not help. I say this because a number of interested parties are stressing on the points of disagreement to the public and are developing hatred among one another. I, therefore, feel that the points of agreement between the many cultures should be highlighted by the radio.

One thing that should be appreciated is the National Discipline Scheme. I do not know its broad features; I have not had the time to study it; anyway, this reserves a mention.

About external publicity, I would like to suggest that documentaries should be prepared with regard to the treatment of minorities, for instance, how the Muslims are treated in India, and these documentaries may be shown with advantage in foreign countries, especially in the middle east countries, to remove the prejudices likely to be created by interested countries.

Reference has also been made to Indo-U.A.R. culture. Here I would like to suggest that we may give some information to the neighbouring Muslim countries about some of our shrines like Ajmer and other shrines in the north and Nagoor and Ervadi in the south. At the same time we may also request the U.A.R. countries to give us a little information about their old culture like the culture centring around sphinx, pyramids, etc.

**Mr. Deputy-Speaker:** The hon. Member may try to conclude now.

**Shri Kasinatha Dorai:** I may be given a few more minutes. I rarely speak.

**Mr. Deputy-Speaker:** Ten minutes are given for each.

**Shri Kasinath Dorai:** Countries like India and U.A.R. have got certain points of agreement in that we both believe in non-alignment, secularism and all that. The visits of statesmen from many countries, from USSR, America and others, also emphasize that we treat all people alike.

Cultural delegation and social delegation also may be exchanged between U.A.R. and India.

About catering to the jawans, I would like to say that all the precious things of our motherland may be prepared and shown to them for keeping up the spirit besides the items of entertainment value.

With regard to the use of party flags, some members also have told me that they are exhibited. Here, let us state clearly all the difficulties that are likely to crop up later on. Unless these things are censored in time, the Government may have to think of re-constituting such Censor Boards. For instance, I have read captions of a certain film 'If I order'. It smacks something of the language or the policy of a dictator's Government, many actors and directors are involved in it. Hence, I would suggest that Government draws their attention to the dangers of such captions, of course, by using a most courteous language especially when we deal with actors and artistes and all these people. We have to treat them with the utmost courtesy. In fact, Prof. Mukerjee was also referring to the way in which we should treat the artistes. It is not enough merely paying a safe salary but we must give them a decent enough salary if not better. In the days of the Mughal period and even in the days before, the artistes were treated as equals if not superiors.

I would also like to mention about the cartoons that appear in the papers. There are many sexy items mentioned in them. These cannot go hand in hand with our family planning. The Government may curb this kind of literature and cartoons to the extent possible.

Finally I would like to say a word in appreciation of the Ministry for playing the devotional songs; they are doing it very well. A little more money must be spent on improving upon it. It creates an atmosphere of love. In these days when a number of people and parties—I don't exclude my party—are trying to spread hatred and hatred campaigns are going on, this is inevitable in a democratic set-up—let there be honest people to create an atmosphere of love and for this purpose, devotional songs play a great part. Here I would like to quote four lines of an old poem:

> "So many Gods, so many creeds,
> So many paths that wind and wind
> When just the act of being kind
> Is all this world needs."

**श्री ओंकार लाल बेरवा** (कोटा) : उपाध्यक्ष महोदय, सूचना और प्रसारण मन्त्रालय में जो सुस्तियां हैं, उनकी आलोचना हम कई सालों से सुनते आ रहे हैं। जब श्रीमती इन्दिरा गांधी इस मन्त्रालय की मन्त्री बनीं, तो हमने सोचा कि अब इसमें कुछ सुधार होगा, लेकिन सुधार होने के बजाये यह मन्त्रालय और बिगड़ता चला गया। मैं मन्त्री महोदय, श्री राज बहादुर, से यह निवेदन करूंगा कि अगर वह इस मन्त्रालय की तरफ़ विशेष ध्यान दें, तो अच्छा होगा। इस वक्त इस मन्त्रालय को जो राजनैतिक अखाड़ा बना रखा है, वह इस बारे में भी कदम उठायें और इस को राजनैतिक अखाड़ा न बनने दें।

कांग्रेस पार्टी के नेता के चुनाव के सम्बन्ध में आल इण्डिया रेडियो से जो प्रचार किया गया, उससे मालूम पड़ता था कि यह आल इंडिया रेडियो नहीं, बल्कि "आल इन्दिरा रेडियो" है। मैं मन्त्री महोदय से यह निवेदन करूंगा कि इसमें जो भी गलतियां हैं, वह उनको जल्दी से जल्दी सुधारने की कोशिश करें।

**श्री इन्द्रजीत लाल लतरोजा** (जम्मू तथा काश्मीर) : आल इण्डिया रेडियो के प्रचार का हम पर असर नहीं होता है।

**श्री ओंकार लाल बेरवा** : यह ठीक है कि माननीय सदस्यों ने उसका विरोध किया,

[श्री ओंकार लाल बेरवा]

था, लेकिन फिर भी वह प्रचार जारी रहा। उस चुनाव के सम्बन्ध में जो प्रचार किया गया था, उसके कारण इस को "आल इंडिया रेडियो" न कह कर "आल इन्दिरा रेडियो" ही कहना ज्यादा ठीक होगा। उस प्रचार को छिपाया न जाये। इस विभाग में जो खामियां हैं, उन को दूर किया जाना चाहिए।

मैं आप के सामने आल इण्डिया रेडियो की सुस्ती का एक उदाहरण देना चाहता हूं। रात के डेढ़, दो बजे ताशकन्द में शास्त्री जी की मृत्यु हुई। विदेशों के रेडियो स्टेशन रात के तीन चार बजे ही यह समाचार प्रसारित करने लग गए, लेकिन आल इण्डिया रेडियो से यह समाचार सवेरे पांच बजे प्रसारित किया गया, हालांकि उसका विशेष सम्वाददाता शास्त्री जी के साथ ताशकन्द गया था, लेकिन उसने इस बात की परवाह नहीं की कि इस समाचार को उसी समय प्रसारित किया जाये। इसके लिए मैं उनको जिम्मेदार ठहराता हूं।

राजधानी के एक महत्वपूर्ण पेपर ने लिखा है कि डायरेक्टर जेनेरल की जो नियुक्ति हुई है, वह भी नेताओं के आधार पर हुई है। एक दूसरे महकमे में, संगीत नाटक एकेडैमी में, इन की रिपोर्ट खराब थी, लेकिन फिर भी इन को यहां थोप दिया गया। इसका क्या कारण था? जब वह अनभिज्ञ थे और उनकी रिपोर्ट खराब थी, तो फिर उन को इसमें थोपना ग़लत बात है।

सूचना और प्रसारण मन्त्रालय में कुछ ऐसे भी अधिकारी हैं, जिनका कम्युनिस्टों से सीधा सम्बन्ध है, जो कि बाहर के लोगों को सब बातें पहुंचा देते हैं।

**एक माननीय सदस्य : वे कौन हैं?**

**श्री ओंकार लाल बेरवा :** अगर इस की जांच की जायेगी, तो मैं यह सूचना दूंगा।

जिस वक्त पंजाब में झगड़ा हुआ, उस वक्त राज्य सरकार ने दो पत्रों पर प्रतिबन्ध लगा दिया, लेकिन केन्द्रीय सरकार ने राज्य सरकार को यह नहीं कहा कि उन्होंने यह प्रतिबन्ध क्यों लगाया है और उन समाचार पत्रों के अधिकारों का हनन क्यों किया है। उन पत्रों ने कोई खास गुनाह तो नहीं किया था। यह एक बड़ी शर्मनाक घटना थी। यह तो अयूबशाही हो गई, जिसने पाकिस्तान में झगड़े होने पर पत्रों पर प्रतिबन्ध लगा दिया था। यह ग़लत बात है। ऐसी बात नहीं होनी चाहिए।

एक किताब है "लैज रोन्यूड" इसको छापने के लिए दो अफ़सर कलकत्ता गये हवाई जहाज से। इस किताब के लिए विदेशी पेपर का उपयोग किया गया। हमारे गरीब आदमियों को तो विदेशी मुद्रा के दर्शन नहीं होते हैं, लेकिन इस किताब को छापने के लिए विदेशी मुद्रा खर्च की गई। इस किताब में श्रीमती इन्दिरा गांधी का भाषण तो था 26 जनवरी का, लेकिन फोटो उनकी शादी का छापा गया। यह कैसे चलेगा? क्या विदेशी मुद्रा का इस प्रकार उपयोग किया जायेगा? जयपुर अधिवेशन में वितरित करने के लिए इस किताब की पांच हजार कापियां छपवाई गई। अरे परमात्मा! यदि विदेशी मुद्रा के बारे में ऐसा अन्याय होता है, तो देश का उत्थान होना बहुत मुश्किल हो जायेगा।

1965 की डायरी को छापने का ठेका एक ऐसे ठेकेदार को दिया गया, जिसका टेंडर ही इनवैलिड था। इसमें पचास हजार रुपये का घोटाला हुआ है। बम्बई के उस ठेकेदार का टेंडर टाइम के बाद आया, लेकिन उसको एडमिट करके कोटेशन खोल कर रेट्स को आउट कर दिया गया। वह ठेका एक ऐसे ठेकेदार को दिया गया, जो कि "बी" क्लास ठेकेदार था, जबकि "ए" क्लास ठेकेदारों को यह काम नहीं दिया गया।

यह डायरी बहुत निकम्मी थी और 1966 की डायरी के मुकाबले में रद्दी की टोकरी में फेंकने लायक थी। यह डायरी विदेशों में बांटने के लिए भेजी गई, लेकिन ट्रान्सिट्स के हैड आफिस से यह रिपोर्ट आई कि यह डायरी रद्दी की टोकरी में फेंकने के काबिल है, इसको विदेशों में नहीं भेज सकते हैं।

एक एलबम इस खयाल से छापी गई कि उस को न्यूयार्क के मेले में बांटा जायेगा। बिल मन्त्रालय ने कहा कि उस के लिए हमारे पास विदेशी मुद्रा नहीं है। डायरेक्टर साहब ने कहा कि ये एलबम बहुत बिकेगी—एक-एक डालर में बिकेगी। इस प्रकार उस एलबम की पांच हजार प्रतियां छपवाई गईं। लेकिन उसकी पचास प्रतियां भी नहीं बिकीं और इस प्रकार पच्चीस हजार रुपये का नुकसान हो गया। जब ये एलबम बाजार में नहीं बिकती हैं और विदेशों के लोग उस को लेने के लिए तैयार नहीं हैं, तो फिर डायरेक्टर साहब उस को अपने घर में रख लें। इस तरह के कामों में विदेशी मुद्रा खर्च करना और देश को गुमराह करना बहुत बुरी बात है। अभी सन् 1966 की डायरी उसी ठेकेदार को दी गई, जिस ठेकेदार का सन 1965 में नाम तक नहीं लिया गया था, जिसको राष्ट्रपति ने इनाम दिया था, उसका नाम तक नहीं लिया। सन् 1965 के डायरी छपवाने के मामले को दबाने के लिये उसी ठेकेदार को बुलाया गया। अब आप दोनों डायरियों को मिला कर देखें कि कितना अन्तर है। वहां आफिस में जब टाइम से डायरी नहीं बनी, तो उसके ऊपर 80 हजार की पैनेल्टी डाल दी गई, इस पर उस क्लर्क को नहीं से ट्रांसफर कर दिया और इस तरह से उस मामले को रफा-दफा करके मामले को गुम कर दिया। यदि प्रसारण के महकमे में इस तरह से विदेशी मुद्रा का सत्यानाश किया जाय, तो बतलाइये इस तरह से कैसे चलेगा।

अब मैं विविध भारती को आपके सामने लेता हूं। विविध भारती में रोजाना वही घिसे-पिटे गाने आते हैं और दिन में तीन-तीन दफा एक ही आदमी के नाम लेकर गवाये जाते हैं, जैसे रिकार्ड कर रखा है। सुबह किशन पटनायक, दोपहर को किशन पटनायक और फिर शाम को किशन पटनायक, तीन तीन दफा जैसे रिकार्ड कर रखा है...

**श्री राज बहादुर** : गाना कौनसा है, वह तो बतलाइये।

**श्री ओंकार लाल बेरवा** : विविध भारती के अन्दर इस तरह की बातें होती हैं। आज हमारे व्यापारियों का बहुत ज्यादा पैसा सीलोन रेडियो पर खर्च होता है, मैं चाहता हूं कि वह पैसा विविध भारतीय को आये और सीलोन रेडियो को भेजे जाने वाले साढ़े एडवर्टिजमेण्ट बन्द किये जायं। क्योंकि इस तरह से हमारे देश का बहुत काफी पैसा विदेश को चला जाता है। लेकिन हमारे मन्त्री जी को अंग्रेजी से ज्यादा प्यार है, है इसलिये विदेशों से ज्यादा प्यार है...

**एक माननीय सदस्य** : अब वालों को नहीं है।

**श्री ओंकार लाल बेरवा** : अब वालों को इसमें सुधार करना चाहिये।

इस समय जयपुर और बीकानेर के रेडियो स्टेशन मिल कर बोलते हैं, बीकानेर और उदयपुर के रेडियो स्टेशन मिल कर बोलते हैं, तो मैं मन्त्री महोदय से पूछता हूं कि कोटा इसमें क्यों छूट जाता है। कोटा में हाड़ौती भाषा का रेडियो स्टेशन होना चाहिये। हाड़ौती भाषा हमारे राजस्थान की एक मशहूर भाषा है, उसका गाना सुनाने में आपको कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिये। इसलिये जयपुर और कोटा का स्टेशन मिला कर उसका प्रसारण किया जाय।

अब मैं हिन्दी के बारे में थोड़े से आंकड़े बतलाना चाहता हूं। जब हमारे नये मन्त्री

[श्री ओंकार लाल बरवा]

जी आये और उन्होंने मन्त्री बनते ही हिन्दी के जितने भी टेलीप्रिन्टर्स थे, उनको बन्द कर दिया और उनसे कह दिया कि अगर तुम नौकरी करना चाहते हो तो तुम्हें अंग्रेजी वालों से 20 रु० कम मिलेंगे, इस तरह से हिन्दी का उत्थान हो रहा है क्योंकि इनको अंग्रेजी से ज्यादा मोह है । मैं इस तरह के भ्रष्टाचार के बिल्कुल विपरीत हूं ।

अब मैं आपको पुस्तकों के प्रकाशन के बारे में बतलाना चाहता हूं । सन् 1960 से 1965 तक 4,492 पुस्तकें प्रकाशित हुईं, जिनमें 2,572 अंग्रेजी की हैं । सिर्फ 691 हिन्दी में और 768 अन्य भाषाओं में प्रकाशित हुई । सन् 1959 से 1965 तक कोई तरक्की हिन्दी के अन्दर नहीं हुई । हिन्दी में 1959 पुस्तकों से घट कर 728 रह गई, मराठी में 358 से घट कर 218 रह गई, गुजराती में 190 से घट कर 165, तामील में 268 से घट कर 193, तेलगु में 142 से घट कर 108, कन्नड में 161 से घट कर 74, उर्दू में 179 से घट कर 54 और बंगला में ३४८ से घट कर २ ६, लकिंद इसके मुकाबले में अंग्रेजी के प्रकाशन में पांच साल में 1893 से बढ़ कर 3272 हो गई । यह कितने शर्म की बात है, हमारी हिन्दी के साथ यह कितना बड़ा अत्याचार हो रहा है ।

अभी मैं यहां पर चन्दा समिति की बातें सुन रहा था टेलीविजन के बारे में । टेलीविजन के लिये बहुत से मेम्बरों ने बहुत तारीफ़ की है, लेकिन मैं उसका विरोध करना चाहता हूं । आज देश की 80 प्रतिशत जनता भुखमरी की शिकार है, क्या हमारी जनता का टेलिविजन के द्वारा पेट भरा जायगा । हमारे देश की जनता को आज अनाज और खाद नहीं मिल रही है लेकिन दूसरी तरफ़ आज टेलिविजन लगाया जा रहा है । मैं आपसे निवेदन करना चाहता हूं कि जब तक इस देश को खाद्य में निर्भर नहीं बनाया जाता, तब तक ऐसी योजनायें न बनाई जायें, जिनसे गरीब जनता पर असर पड़े । इसका लाभ कुछ उच्च अधिकारियों को, ए और बी क्लास अधिकारियों को ही होगा, लेकिन जो बाकी की गरीब जनता है, उसको इससे कोई लाभ नहीं पहुंच सकेगा ।

मैं एक बात और रखना चाहता हूं । दिवाकर कमेटी की रिपोर्ट जो कि छोटे अखबारों के बारे में है, चन्दा कमेटी की रिपोर्ट से पहले आई थी, लेकिन चन्दा कमेटी की रिपोर्ट को तो आप जल्दी लागू करने जा रहे हैं, जबकि दिवाकर कमेटी की रिपोर्ट को आपने रद्दी की टोकरी में डाल रखा है । इसलिये मेरा अनुरोध है कि उस कमेटी की रिपोर्ट पर शीघ्र अमल किया जाय और छोटे पत्रकारों को प्रोत्साहन दिया जाय, ताकि वे गांव-गांव में हर जिले में, हर गांव में किसानों के पास पहुंच सकें ।

एक निवेदन मैं और करना चाहता हूं । गर्मी के दिनों में किसानों का जो प्रोग्राम होता है, वह उस समय होता है जब किसान खेत में होता है । इसलिये उसको वह समय एलाट किया जाय, जबकि किसान घर पर आ जाय । जिस समय किसान खेत पर होता है, उस समय उसके प्रसारण से कोई फायदा नहीं है, उस समय पंचायत समिति के केन्द्रों में रेडियो बजा करे, उससे कोई लाभ नहीं होगा, इसलिये उसके समय में परिवर्तन किया जाय ।

आज प्रसारण के अन्दर जितना भी भ्रष्टाचार है, जो राजनीतिक अखाड़ों के शिकार बने हुए हैं, उन भ्रष्टाचारों की जांच की जाय ।

**श्री जीनारायण दास** (दरभंगा) : उपाध्यक्ष महोदय, यह मन्त्रालय सूचना और प्रसारण का एक ऐसा विभाग है, कि जिसके काम पर हिन्दुस्तानी प्रजातन्त्र का सफल संचालन और उसका अच्छा प्रबन्ध निर्भर करता है । प्रजातन्त्र के सफल संचालन के लिये शिक्षित और जाग्रत लोकमत की आवश्यकता होती है । यह बात हम लोगों

को मालूम है कि 15 वर्ष के स्वराज्य के बाद भी अभी हमारे देश में पढ़े-लिखे लोगों की तादाद बहुत ही कम है । ऐसी अवस्था में आल इण्डिया रेडियो एक साधन है कि जिसके जरिये हम हिन्दुस्तान के उन करोड़ों भाइयों तक प्रजातन्त्र के सम्बन्ध की बातें पहुंचा सकते हैं, जो पढ़े-लिखे नहीं हैं या जिन्हें हमने अभी तक पढ़ा लिखा नहीं बनाया है । इस दृष्टि से जो-जो काम इस प्रजातन्त्र के सफल संचालन और शिक्षित और जाग्रत लोकमत के लिये चाहिये, वह काम इस मन्त्रालय के जिम्मे है । लेकिन बावजूद इस बात के लिये धीरे-धीरे इस विभाग का विस्तार होता जा रहा है और जिन-जिन बातों की आवश्यकता मौलिक या गौणरूप से है, उसकी तरफ सरकार का ध्यान दिया जाने लगा है । लेकिन अभी भी जैसा कि कई माननीय सदस्यों ने कहा कि यह जो प्रचार विभाग है, या प्रसार विभाग है, यह हिन्दुस्तान की जरीब जनता तक या जो सरकार की बातें पहुंचाने में असमर्थ है या लोकमत को शिक्षित करने के लिये जिन बातों की आवश्यकता होती है, उन बातों के प्रचार में अभी तक समर्थ नहीं हो सका है । उसका एक कारण तो यह है जैसा कि इस सदन में स्पष्ट मालूम पड़ता है कि अभी भी हम अंग्रेजी के प्रचार के लिये ज्यादा समय देते हैं । हिन्दुस्तान में बहुत सी भाषायें प्रमुख भाषायें हैं, 14–15 के लगभग हैं, हो सकता है कि राज्य सरकारों के जरिये स्थानीय भाषा में जनता तक विचार पहुंचाये जाते हैं, लेकिन जहां तक केन्द्र सरकार का ताल्लुक है, विशेष तौर पर अंग्रेजी का ही महत्व है और और जैसा कि अभी हमारे भाई ने कहा कि जब पुस्तकों का प्रकाशन होता है, या पुस्तिकाओं का प्रकाशन होता है तो केन्द्र सरकार ज्यादा से ज्यादा पुस्तक अंग्रेजी में ही प्रकाशित करती है । जहां हमारे देश में अंग्रेजी बोलने वाले 100 में से 2 आदमी भी नहीं होंगे, ऐसे प्रचार से हिन्दुस्तान की जो असली जनता है, उसके विचार नहीं बदल सकते ।

हमारे कई माननीय सदस्यों ने टेलीविजन की चर्चा की है । मैं भी इसके बारे में कुछ कहना चाहता हूं । धनी देशों के लिए, या मनोविनोद के लिए और शिक्षा के लिए भी टेलीविजन की आवश्यकता हो सकती है । लेकिन हिन्दुस्तान की गरीब जनता का पैसा हम लेते हैं और टेलीविजन अगर जारी हो जायेगा तो उसका लाभ बहुत थोड़े से लोगों को शहरों में ही मिलेगा । इसलिए अभी समय नहीं आया है टेलीविजन जारी करने का । अभी जरूरत इस बात की है कि रेडियो का जो प्रचार है उस प्रचार को व्यापक बनाया जाये और उसको व्यापक बनाने के लिए कम्युनिटी सैट हर गांव में दिये जायें । इस कम्युनिटी सैट्स के प्रोग्राम को आपको चाहिये कि आप बढ़ायें । अभी भी हिन्दुस्तान में छः लाख गांवों में से बहुत से गांव ऐसे हैं जहां एक भी रेडियो है नहीं । मैं समझता हूं कि टेलीविजन का प्रचार करने के बजाय मंत्री महोदय गांवों के अन्दर कम्युनिटी सैट देने का प्रयत्न करें । कोई भी गांव ऐसा नहीं रह जाना चाहिये जिस में कम से कम एक कम्युनिटी सैट न हो ताकि रेडियो के द्वारा चाहे वह आल इंडिया रेडियो हो या दूसरा रेडियो हो जो प्रचार होता है उस प्रचार को हर गांव में सुना जा सके । मैं टेलीविजन के प्रोग्राम को बढ़ावा देने की सख्त मुखालिफत करता हूं । मैं चाहता हूं कि इसको आगे प्रोत्साहन न दिया जाये । जितना है उतने को ही रखा जाये । उससे आगे इसको बढ़ाने की आवश्यकता नहीं है ।

•

कई माननीय सदस्यों ने कहा है कि 15–16 बरस स्वराज्य आये हुए हो गये हैं लेकिन अभी तक हमारे देश में जो अखबार चलते हैं वे बहुत ही सीमित लोगों के अखबार हैं । कहा जाता है कि बोलने की और लिखने की स्वतंत्रता हम ने दी हुई है । यह ठीक है । लेकिन जो अखबार चलते हैं बावजूद इस बात के कि हम ने बहुत प्रयत्न किया है फिर भी अभी तक जो अखबारों के मालिक हैं

[श्री श्रीनारायण दास]

उनके सम्पादकों पर उनका ही असर अधिक होता है। सम्पादक का असर नहीं होता है। मैं समझता हूं कि जैसा कि सुझाव दिया है छोटे-छोटे अखबारों को सरकार द्वारा प्रोत्साहन दिया जाना चाहिये। साथ ही साथ अखबारों के क्षेत्र में कोऑपरेटिव का विस्तार होना चाहिये। कोऑपरेटिव ढंग पर अखबार चलाने को जितना भी प्रोत्साहन सरकार दे सके, सरकार को देना चाहिये ताकि ऐसे अखबारों का सृजन हो जोकि सचमुच में निर्भीक और स्वतंत्र हों और निडर हो कर वे शासन के सामने जो उचित बात है, रख सकें, उसका प्रचार कर सकें। एकाधिकार की जो प्रवृत्ति इस क्षेत्र में पाई जाती है, उसको रोकने की कोशिश होनी चाहिये।

हमारे देश में पंचवर्षीय योजना को चलाने के लिए, उसका प्रचार करने के लिए इस विभाग के अन्दर सरकार ने प्लान पब्लिसिटी का प्रबन्ध किया है। लेकिन बहुत ही दुख के साथ मुझे कहना पड़ता है कि प्लान पब्लिसिटी का जो महकमा है वह भारत के पांच छः लाख गांवों में अपनी बात का प्रचार पूरे तौर पर नहीं कर सका है। मैं इस बात को मानता हूं कि पैसे का अभाव है और उसकी वजह से इस काम को उस हद तक नहीं किया जा रहा है जिस हद तक किया जाना चाहिये। हाल ही में एक कमेटी बिठाई गई थी। उस कमेटी ने सुझाव दिया है कि जहां तक सरकार उन महकमों को मजबूत कर सकती हो, उसको मजबूत करने का प्रयत्न करना चाहिये। लेकिन साथ ही जो गैर-सरकारी संस्थायें बहुत दिनों से प्रचार का काम जनता में करती आई हैं उनको भी पूरा बढ़ावा दिया जाना चाहिये। एक ऐसी संस्था कायम की जानी चाहिये जिसके जरिये से जो-जो गैर सरकारी संस्थायें बहुत दिनों से लोकमत का सृजन या लोक मत को शिक्षित करने का काम कर रही हैं उनको भी प्रोत्साहन दिया जा सके।

हमारे देश में जो समाचार समितियां हैं उन में ज्यादा तर बढ़ावा पुरानी समाचार समितियों को ही सरकार की ओर से दिया जा रहा है। हिन्दुस्तान समाचार समिति अभी थोड़े दिन हुए कायम हुई है। उसको सरकार को जहां तक हो सके अधिक से अधिक बढ़ावा देना चाहिये। अगर कोई नई समाचार ऐजेंसी बनने के लायक है तो उस समाचार ऐजेंसी को भी प्रोत्साहन मिलना चाहिये।

मैं उत्तर बिहार से आता हूं। वह एक पुराना मिथिला प्रदेश है। वहां के लोगों की बहुत दिनों से रेडियो स्टेशन की मांग चली आ रही है। वे चाहते हैं कि दरभंगा में एक रेडियो स्टेशन खोला जाये। दरभंगा मैथिली का केन्द्र है। यद्यपि हिन्दी हमारी राष्ट्र भाषा है लेकिन लगभग एक करोड़ लोग मैथिली बोलते हैं। उनका अलग साहित्य है और एक तरह से अलग ही संस्कृति है। दोनों में अपनी-अपनी विशेषतायें हैं। कई बार इस बात के लिए सवाल उठाया गया है। जनता की मांग है कि उत्तर बिहार में दरभंगा में एक रेडियो स्टेशन खोला जाये। वहां के लगभग एक करोड़ लोगों की यह मांग है। मैं चाहता हूं कि उनकी इस मांग को पूरा किया जाये। अगर ऐसा एक स्टेशन खोला जायेगा तो बहुत ही यह कारगर होगा।

एक काम के लिए मैं आप को हृदय से धन्यवाद देता हूं। उसका मैं समर्थन करता हूं। इस विभाग के काम का जो एक मौलिक साधन है उसके सम्बन्ध में अन्वेषण और अनुसंधान करने के लिए इंस्टीटयूट आफ मास कम्युनिकेशन नाम की जो संस्था खोली गई है, उसको धीरे-धीरे बहुत व्यापक बनाया जाना चाहिये। मालूम नहीं उस संस्था का संचालन करने वाले अभी तक भी विदेशी हैं या केवल हिन्दुस्तानी ही उस संस्था का संचालन करते हैं। मैं समझता हूं कि ऐसा

प्रयत्न होना चाहिये कि उस संस्था के संचालन के लिए ज्यादा से ज्यादा हिन्दुस्तानियों को तैयार किया जाये ताकि प्रचार के जितने साधन हैं यह संस्था उनके सम्बन्ध में पूरा अन्वेषण तथा अनुसंधान कर सके और केन्द्र या राज्यों के जो कर्मचारी प्रचार कार्य में लगें उनको शिक्षित कर सके और हर तरह के रिसर्च और ट्रेनिंग और दूसरे प्रकार के काम हो सकें ।

फिल्में जो हैं वे शिक्षा के लिए बहुत कारगर हो सकती हैं । अभी तक जो फिल्मों का निर्माण किया है मैं समझता हूं वह कम नहीं है । फिर भी स्कूलों और कालेजों में फिल्मों का जितना उपयोग होना चाहिये अभी तक नहीं हो सका है । मेरा सुझाव है कि ऐसी वृहद् लाइब्रेरी फिल्मों की होनी चाहिये जिस लाइब्रेरी से यूनिवर्सटीज और स्कूलों आदि के लिए फिल्में ली जा सकें और विद्यार्थियों को उनके जरिये से शिक्षा दी जा सके । इस बात की भी आज बड़ी आवश्यकता है ।

जहां तक अश्लील फिल्मों के प्रदर्शन का सम्बन्ध है इस बारे में हमारे देश में दो मत हैं । सेंसर बोर्ड का जहां तक सम्बन्ध है वह संविधान के अन्दर काम करता है । बहुत से लोग हैं जिन में हमारे आचार्य विनोबा भावे जी भी हैं जो यह कहते हैं कि वह जिस तरह से फिल्में प्रदर्शित करने की मंजूरी देता है वे फिल्में ऐसी होती हैं जिन से कि हमारे देश में लोगों पर बुरा प्रभाव पड़ता है । कई बार इस प्रश्न को उठाया गया है । तत्कालीन जो मंत्री महोदय थे उन्होंने कहा था कि संविधान के अन्दर जितनी हम रोक लगा सकते हैं उतनी लगाते हैं लेकिन और रोक लगाने से हमें संविधान रोकता है, हमारे रास्ते में बाधक होता है । मैं मानता हूं कि यह बात कठिन है क्योंकि इस देश में दो तरह के मत हैं । कुछ लोग हैं जो यह चाहते हैं कि बिल्कुल किसी प्रकार का नियंत्रण फिल्मों पर न रहे । जो फिल्में बनाई जायें उनको जहां तक हो सके—अगर किसी की नजरों में अश्लील भी हों—प्रोत्साहन देना चाहिये, मंजूरी दे देनी चाहिये । मैं समझता हूं कि इस सम्बन्ध में सिफारिशें करने के लिए एक कमेटी बनाई जाये जो निर्णय करे कि फिल्मों के सेंसर में कौन-कौन क्राइटीरिया होना चाहिये, कौन-कौन सी बातें इस्तेमाल होनी चाहियें ताकि देश का वातावरण अच्छा हो सके और खास तौर से जो बच्चे हैं स्कूलों के और कालेजों के जो लड़के हैं उन लोगों पर खराब असर न पड़े । खराब प्रभाव डालने वाली फिल्मों का निर्माण नहीं होना चाहिये ।

इस मंत्रालय के मंत्रीगण बदलते रहे हैं । अब जबकि इन माननीय मंत्री जी के हाथ में यह मंत्रालय है तो जैसा कि अन्य माननीय सदस्यों ने कहा है मैं भी उनका स्वागत करता हूं और आशा करता हूं कि उनकी देखरेख में यह मंत्रालय अधिक से अधिक जनता के फायदे के लिए काम करेगा । जैसे मैंने कहा है रेडियो सुनने के लिए अधिक से अधिक पांच वर्ष के अन्दर-अन्दर कोई ऐसा गांव नहीं बच रहना चाहिये जहां कि कम्युनिटी सैट न हो । टेलीविजन के प्रोग्राम को अगर कम करना पड़े और उसको रोकना पड़े तो मैं समझता हूं कि उसको रोक देना चाहिये । टेलीविजन के प्रोग्राम को ज्यादा बढ़ावा देना हिन्दुस्तान के गरीब करदाताओं की दृष्टि से अच्छा नहीं होगा ।

इन शब्दों के साथ मैं इन अनुदानों की मांग का समर्थन करता हूं ।

Shri Sezhiyan (Perambalur): Mr Deputy-Speaker, the Ministry of Information and Broadcasting is concerned with the important media of mass communication, viz., radio, press and film publicity. As pointed out in a recent report of the Chanda Committee, available facilities in this country are very meagre in regard to these media, because as against the

[Shri Sezhiyan]

minimum standard set by UNESCO of at least 50 radio sets, 100 copies of daily newspapers, 20 cinema seats and 20 TV sets per each unit of 1,000 people, we have in India only 8 radio sets, 11 copies of newspapers, 6 cinema seats and no TV at all.

We have a long way to go, but the pity is that even the meagre facilities in our country have not been put into proper use in proper shape.

Regarding the programmes of AIR, many speakers preceding me have referred to them. The programmes are invariably insipid and they do not reach the people at large. As far as the language distribution is concerned, it is very heavily biassed. As I pointed out even last year, if we take the news items prepared in various units of regional languages, that is, the national languages, the Hindi unit has been staffed properly, but the other language units have not been given as much of preference as is given to the Hindi unit. For the Hindi language unit, there is a grade I officer, there are three grade II officers, there are translators, there are announcers, stenos; even reporters have recently been appointed. But if we take the other units like Tamil or Telugu, there is only one person who is the translator as well as announcer. There is no grade one or grade two officers there. I am not grudging the position of Hindi. The Hindi bulletin should come our properly, but the same facilities should be given to the other languages also, and they should not be given a stepmotherly treatment. Millions of people are there in the country whom you have to reach through those languages. India is a vast country where 77 per cent are illiterate, and 80 per cent live in rural areas. Therefore, if you want to reach them, you should go to them in the language which they speak and understand. I do not want English to predominate over our mother tongues, but the regional languages should be given a fair deal.

**15 hrs.**

The Vivid Bharati in our parts is called the Vedanai Bharati, i.e., the miserable Bharati.

**Shrimati Yashoda Reddy** (Kurnool): Something which gives you more pain than pleasure.

**Shri Sezhiyan:** That is a Tamil word. Out of 13 or so in a day, about 1½ hours are given for all the four languages of the South, Tamil, Telugu, Malayalam and Kannadam. They have been put together as Madrasi languages as they call it. And even there, all the announcements are made in Hindi. If you tune to hear some film song or light music, the introduction is always in Hindi, though they may not even know what is sung. I fully remember that there was a song from the Tamil film *Palum Pazhamum* which means fruit and milk, but the versian given by the Hindi announcer was *Puzhum Palam*, i.e., a damaged bridge. Even the little bridge that we have among various regions is being damaged by the Hindi announcers. I say this because we should have a clear policy in making these announcements. That is why in our parts people, and even in Delhi, those who come from the southern parts, tune Radio Ceylon because in the two hours allotted there, they do not introduce Sinhalese, though that may be their State language. In Tamil programmes, the announcement is made in very good Tamil. In my own land of birth, the announcement is not made in my language, but in Singapore and Ceylon they give it in very good Tamil.

The Chanda Committee report on television is very categorical in this regard, as in para 135 they say:

> "We should only stress now that the language used in the broadcasts should be what people themselves use in the viewing areas."

I can also show the predominant bias shown in favour of Hindi and the step-motherly treatment meted out to the other languages.

**An hon. Member:** What about English?

**Shri Sezhiyan:** The first point is that English should not have a place over any mother tongue in the country, and it is an alien language to me, I accept it.

**Shri Balmiki** (Khurja): Hindi has got a place in the country.

**Shri Sezhiyan:** It is your version, but Hindi is also alien to me. As far as the radio goes, the announcements and the news items should be in the languages of the people for whom they are meant. The regional languages should be given preponderence. When a news item comes from Trichy or Madras, let it be 100 per cent Tamil; if it comes from Vijayawada, let it be 100 per cent Telugu.

For Vivid Bharati they have got 26 centres for transmission, and throughout India it is given in Hindi. As Shri Ansar Harvani was saying, that Hindi is not understood by many people in Hindi area itself. Then, how can we understand it? That is why Vividh Bharati should be decentralised and it should be done in the local language.

I now come to the Annual Report for 1965-66 of the Ministry. At page 29 of the Ministry's Report, it is said:

> "Hindi Unit. All Hindi news bulletins are now compiled independently out of the basic news material received in the News Room. They are thus no longer a mere translation of the English bulletins. Some of the items are based on original despatches filed by reporters in Hindi."

Cannot the same facility be given to the Tamil and Telugu units?

At page 65 there is a para on Hindi Services, but no other service is mentioned.

At page 77, on Emergency Publications, it is said:

> "Up to the 31st December, 1965, the Division had brought out 16 pamphlets in English, 11 in Hindi and 10 in Urdu."

I do not know what happened to the other languages. Probably the emergency is only for the Hindi-speaking areas. In that case, I would advise them to lift the emergency for the non-Hindi areas.

At page 79 in the Chapter on Publications Division, it is written:

> "The Division is giving special attention to the publication of books and pamphlets in Hindi."

But why not the same facilities be given to the other languages?

Shri Mukerjee referred to the collected works of Mahatma Gandhi. It is being compiled in English and in Hindi. Why not in other languages? We would also like to read.

